# सकल जीएसटी संग्रह 8 .1 प्रतिशत बढ़ा

**फरवरी में जीएसटी का घरेलू संग्रह 5 .3 प्रतिशत बढ़ा**

**शुद्ध जीएसटी संग्रह 2025 के मुकाबले 7 .9% बढ़कर 1,61,014 करोड़ रुपये**




**नई दिल्ली, 01 मार्च. वस्तु एवं सेवा कर ( जीएसटी ) के तहत सकल संग्रह फरवरी 2026 में 8.1 प्रतिशत बढ़कर 1,83,609 करोड रुपये पर पहुंच गया. वित्त मंत्रालय द्वारा रविवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में जीएसटी का घरेलू संग्रह 5.3 प्रतिशत बढ़ा जबकि सीमा शुल्क संग्रह में 17.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गयी.**

सकल घरेलू संग्रह 1,35,772 करोड़ रुपये पर रहा. सीमा शुल्क का कुल संग्रह 47,837 करोड़ रुपये दर्ज किया गया. जीएसटी के तहत फरवरी में कुल 22,595 करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया जो सालाना आधार पर 10.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है. इस प्रकार शुद्ध जीएसटी संग्रह फरवरी 2025 के मुकाबले 7.9 प्रतिशत बढ़कर 1,61,014 करोड़ रुपये पर रहा. इसके अलावा सरकार ने उपकर के रूप में 563 करोड़ रुपये प्राप्त किये जबकि एक साल पहले यह राशि 13,481 करोड़ रुपये थी.


चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों में फरवरी तक सकल जीएसटी संग्रह 8.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 20,27,033 करोड़ रुपये हो गया है. इस दौरान 2,70,261 करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया जिससे शुद्ध जीएसटी संग्रह 17,56,772 करोड़ रुपये रहा.

> रिफंड में 18 .1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है जबकि शुद्ध जीएसटी संग्रह 6 .9 प्रतिशत बढ़ा है . पूरे वित्त वर्ष में अब तक 99,215 करोड़ रुपये का उपकर प्राप्त हुआ है जबकि पिछले वित्त वर्ष में इसी अवधि के दौरान 1,36,656 करोड रुपये के उपकर की प्राप्ति हुई थी .

## एफपीआई ने फरवरी में की 37,847 करोड़ रुपये की लिवाली

**मुंबई, 01 मार्च.** विदेशी संस्थागत निवेशकों ने फरवरी में भारतीय पूंजी बाजार में 37,847 करोड़ रुपये की शुद्ध लिवाली की. शुद्ध लिवाली लगायी गयी पूंजी और निकाली गयी पूंजी का अंतर है. सीडीएसएल के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने फरवरी में 22,615 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी है. अक्टूबर 2025 के बाद यह पहला मौका है जब एफपीआई ने इक्विटी में शुद्ध रूप से लिवाली की है. डेट में भी उनका निवेश 18,791 करोड़ रुपये बढ़ा है. वहीं, हाइब्रिड उपकरणों से उन्होंने 3,896 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है. म्यूचुअल फंड में उनका शुद्ध निवेश 337 करोड़ रुपये रहा है. दो महीने बाद एफपीआई लिवाल दिख रहे हैं.

# भू-राजनैतिक स्थिति से तय होगी बाजार की दिशा



**मुंबई, 01 मार्च. घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेश धारणा पर सबसे ज्यादा असर पश्चिम एशिया में सप्ताहांत में बनी भू-राजनैतिक स्थितियों का रहेगा. अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी की सुबह संयुक्त सैन्य कार्रवाई में ईरान पर हमला कर दिया.**

इसके उत्तर में ईरान ने भी इजराइल और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकाने वाले कई देशों पर हमले किये. निवेशकों की नजर अब इस बात पर रहेगी कि क्षेत्र में परिस्थितियां किस प्रकार बदलती हैं और इन हमलों का क्या असर होता है. पूरी दुनिया के साथ भारतीय शेयर बाजारों पर भी आने वाले सप्ताह में इसका असर दिखेगा. साथ ही 27 फरवरी को जारी सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़ों का असर भी बाजार पर दिखेगा. इसके अलावा आने वाले सप्ताह में विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के फरवरी के पीएमआई आंकड़े, जनवरी के औद्योगिक उत्पादन के सरकारी आंकड़ें और वाहनों की बिक्री के आंकड़े जारी होने हैं. इन सभी कारकों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी.

> सप्ताह के दौरान निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0 .87 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0 .43 प्रतिशत टूट गया. सप्ताह के दौरान इटरनल का शेयर सबसे अधिक 8 .37 प्रतिशत टूटा. टेक महिंद्रा में 6 .86 प्रतिशत, भारती एयरटेल में 4 .95, ट्रेंट में 4 .61 और इंफोसिस में 3 .90 प्रतिशत की गिरावट रही. इंफोसिस का शेयर 3 .90 फीसदी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 3 .26, बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस दोनों के 3 .17, एचडीएफसी बैंक का 2 .69, एलएंडटी का 2 .28 और एशियन पेंट्स का 2 .15 प्रतिशत नीचे बंद हुआ.

# ईरान की लड़ाई से निर्यातकों को व्यापार लागत बढ़ने की चिंता

**नई दिल्ली 01 मार्च. भारतीय निर्यातकों का कहना है कि खाड़ी क्षेत्र में संघर्ष ने स्थापित वैश्विक व्यापारिक मामल की राहों को बाधित करना शुरू कर दिया है.**

निर्यातकों का कहना है कि हवाई मार्गों में बदलाव हो रहे हैं तथा लाल सागर और प्रमुख खाड़ी जलडमरूमध्यों के माध्यम से समुद्री व्यापार में अनिश्चितता बढ़ गई है. भारतीय निर्यात इकाइयों के शीर्ष मंच फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशंस के अध्यक्ष राल्हन ने शनिवार को एक बयान में कहा कि यदि अंतर्राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स के मार्गों में परिवर्तन लंबे समय तक जारी रहता है, तो माल को केप ऑफ गुड होप (आशा अंतरीप) के रास्ते भेजना पड़ सकता है, जिससे यूरोप और अमेरिका के लिए माल पहुंचाने के समय में अनुमानित 15-20 दिन की वृद्धि होगी. इससे माल ढुलाई लागत में वृद्धि होगी और आपूर्ति श्रृंखलाओं पर दबाव बढ़ेगा.

फियो अध्यक्ष का कहना है कि इसके अलावा, बढ़े हुए भू-राजनीतिक जोखिम के कारण आमतौर पर समुद्री बीमा प्रीमियम बढ़ जाते हैं, जिससे निर्यातकों के लिए लेनदेन लागत और बढ़ जाती है. एफआईईओ ने कहा कि लंबे समय तक व्यवधान वैश्विक ऊर्जा कीमतों पर भी दबाव डाल सकता है, जिसका इनपुट लागत और मुद्रा स्थिरता पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा, जिसमें रुपये पर दबाव भी शामिल है.

## रॉयल एनफील्ड ने फरवरी में 1,00,905 मोटरसाइकिलें बेचीं

**चेन्नई,01 मार्च.** रॉयल एनफील्ड ने इस वर्ष फरवरी माह में 1,00,905 मोटरसाइकिलों की बिक्री की है जो एक साल पहले इसी अवधि की तुलना में 11प्रतिशत ज्यादा है. कंपनी ने पिछले वर्ष फरवरी में 90,670 मोटरसाइकिलें बेची थीं. इस बार फरवरी की कुल बिक्री में 9657 मोटरसाइकिलों का निर्यात भी शामिल है. मोटरसाइकिल विनिर्माता आइशर मोटर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और रॉयल एनफील्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बी. गोविन्दराजन ने कहा, फरवरी में इस वित्तीय वर्ष में हमने जो सकारात्मक गति देखी है, वह जारी है, जो विभिन्न बाजारों में निरंतर मांग और हमारे बढ़ते वैश्विक समुदाय को दर्शाती है.

# यात्री वाहनों की बिक्री में जारी रही तेजी



**नई दिल्ली, 01 मार्च. वस्तु एवं सेवा कर ( जीएसटी ) में कटौती के बाद वाहनों की बिक्री में शुरू हुई दमदार तेजी फरवरी महीने में भी जारी रही.**

खास बात यह रही कि फरवरी में देश की सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी की घरेलू बिक्री में मामूली वृद्धि हुई जबकि अन्य कंपनियों की बिक्री में तेज वृद्धि दर्ज की गयी. मारुति सुजुकी ने रविवार को बताया कि घरेलू बाजार में उसकी कुल बिक्री 1,64,130 इकाई रही. पिछले साल यह आंकड़ा 1,63,501 इकाई था. हालांकि निर्यात में 56.49 प्रतिशत की अच्छी बढ़ोतरी के कारण उसकी कुल बिक्री में 7.32 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गयी है. माह के दौरान कंपनी ने कुल 39,155 वाहनों का निर्यात किया और उसकी कुल बिक्री 2,13,995 इकाई हो गयी. इसमें दूसरी कंपनी (सुजुकी) के बेचे गये 10,710 वाहन भी शामिल हैं. घरेलू बाजार में कंपनी के यात्री वाहनों की बिक्री 1,61,000 इकाई और हल्के वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी की बिक्री 3,130 इकाई पर रही.

> टाटा समूह की कंपनी टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल की घरेलू बिक्री 34 प्रतिशत बढ़कर 62,329 इकाई रही. कंपनी ने 1,002 वाहनों का निर्यात किया जो सालाना आधार पर 167 प्रतिशत की वृद्धि दिखता है. इस प्रकार उसकी कुल बिक्री 35 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 63,331 इकाई दर्ज की

# पीएम मित्र टेक्टसटाइल्स पार्क योजना को मिल रही है रफ्तार

**विरुधुनगर में 23 निवशकों को भूखंड आवंटित**

**लगभग 2,192 .21 करोड़ रुपये के निवेश का मार्ग खुला**



**नई दिल्ली, 01 मार्च. तमिलनाडु में विरुधुनगर स्थित पीएम मित्र पार्क ( प्रधानमंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल उद्योग क्षेत्र ) योजना के अंतर्गत 23 निवेशकों को कुल 190.44 एकड़ के बराबर औद्योगिक भूखंडों के आवंटन किये गये.**

कपड़ा मंत्रालय ने कहा कि विरुधुनगर पीएम मित्र पार्क के निदेशक मंडल ने शुक्रवार को हुई बैठक में निवेशकों के प्रस्तावों पर ये आवंटन किये. इससे लगभग 2,192.21 करोड़ रुपये के निवेश का मार्ग खुला है. इन प्रस्तावों के कार्यान्वयन पर करीब 15,000 रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है. विरुधुनगर मेगा कपड़ा पार्क योजना में निवेश के इन स्वीकृत प्रस्तावों में एकीकृत संयंत्र, धागा, कपड़ा , प्रसंस्करण व फिनिशिंग, गारमेंट उत्पादन तथा टेक्निकल टेक्सटाइल्स जैसे विभिन्न क्षेत्रों के प्रस्ताव शामिल हैं. बोर्ड की नवीं बैठक की अध्यक्षता वस्त्र मंत्रालय की सचिव नीलम शमी राव ने की. इसमें मंत्रालय और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे. पार्क में औद्योगिकी दूषित जल के शोधन की सुविधा स्थापित की जा रही है, जिससे पर्यावरण अनुकूल और सतत प्रोसेसिंग को बढ़ावा मिलेगा. इससे छोटे और मध्यम उद्योगों को भी स्वच्छ प्रसंस्करण सुविधाएं मिलेंगी.

# विमान ईंधन की कीमत 5 .74 प्रतिशत बढ़ी

## महंगा हो सकता है हवाई सफर




**नई दिल्ली, 01 मार्च. तेल विपणन कंपनियों ने लगातार दो बार की कटौती के बाद रविवार से विमान ईंधन की कीमतों में बड़ी बढ़ोतरी की है.**

देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में आज से विमान ईंधन की कीमत 5,245 रुपये (5.74 प्रतिशत) बढ़कर 96,638 रुपये प्रति किलोलीटर हो गयी है. यह दिसंबर 2025 के बाद का उच्चतम स्तर है. इससे पहले जनवरी और फरवरी में दाम घटाये गये थे. दोनों बार में कीमत में कुल 8,283 रुपये की कटौती की गयी थी जो 9.06 प्रतिशत के बराबर है.

विमान ईंधन के दाम बढ़ने से हवाई सफर महंगा हो सकता है. फ्लाइट के टिकट की कीमत में ईंधन का शुल्क भी शामिल होता है. विमान सेवा कंपनियों के कुल व्यय का लगभग 35-40 प्रतिशत इसी मद में खर्च होता है. पहले से ही दबाव में चल रही विमान सेवा कंपनियों के ईंधन की बढ़ी लागत का बोझ सीधे यात्रियों पर डालने की संभावना है.

देश के दूसरे शहरों में भी विमान ईंधन महंगा हुआ है. कोलकाता में इसकी कीमत 5.44 फीसदी बढ़कर 99,587 रुपये और मुंबई में 5.82 प्रतिशत बढ़कर 90,452 रुपये प्रति किलोलीटर पर पहुंच गयी है.

# नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,18,902 करोड़ रुपये घटा

**मुंबई, 1 मार्च. घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही भारी गिरावट के बीच बीएसई की शीर्ष 10 में शामिल नौ कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 2,18,902 करोड़ रुपये घट गया जबकि हिंदुस्तान यूनीलिवर को एमकैप में फायदा हुआ है.**

दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का एमकैप सबसे ज्यादा 55,852 करोड़ रुपये घट गया. एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 37,580 करोड़ रुपये और विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का 34,846 करोड़ रुपये घट गया. बजाज फाइनेंस को एमकैप में 20,316 करोड़ रुपये और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस को 18,181 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ. सार्वजनिक क्षेत्र के एलआईसी का एमकैप 14,990 करोड़ रुपये कम हुआ. निर्माण एवं अभियांत्रिकी कंपनी एलएंडटी का बाजार पूंजीकरण 13,715 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का 13,061 करोड़ रुपये घट गया.

## पेज एक का शेष

# 2026 का ब्लड मून और महा-संयोग

ग्रहों की यह भारी भीड़ एक बहुत ही उथल-पुथल वाली और अप्रत्याशित ऊर्जा पैदा करेगी, जिससे समाज, विचारों और नेतृत्व में बड़े और अचानक बदलाव आ सकते हैं .रिश्तों की परीक्षा- यह ग्रहण पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र में लग रहा है, जिसके स्वामी शुक्र हैं . इस कारण से प्रेम संबंधों और वैवाहिक जीवन में पुराने मुद्दे या गांठें फिर से उभर सकती हैं . होली के दिन यह ग्रहण हमें झूठे मोह और लगाव से मुक्त होने का संदेश देता है .

**दुनिया और तकनीक पर असर :** इस ग्रहण का असर सिर्फ व्यक्तियों पर ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी पड़ेगा . कुंभ राशि में मौजूद ग्रहों के प्रभाव से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डिजिटल कानूनों और डिजिटल करेंसी के क्षेत्र में तेजी से नए बदलाव देखने को मिल सकते हैं . इसके अलावा, सत्ता में बैठे कई बड़े चेहरों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच सकता है और पुराने नजरंदाज किए गए मुद्दे फिर से सामने आ सकते हैं .3 मार्च 2026 का यह चंद्र ग्रहण कोई डरावनी घटना नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन से पुरानी और बेकार हो चुकी आदतों को हटाकर आंतरिक स्पष्टता लाने का एक खगोलीय निमंत्रण है . शांति, दान और मंत्रों के उपाय अपनाकर आप इस ब्लड मून के समय को अपने मानसिक विकास और आध्यात्मिक उन्नति के एक शानदार अवसर में बदल सकते हैं .

**चंद्र ग्रहण का सभी 12 राशियों पर प्रभाव इस प्रकार रहेगा : मेष** राशि वालों को बचों या प्रेम संबंधों को लेकर भावनात्मक अशांति हो सकती है और सट्टा या निवेश में जल्दबाजी से बचना चाहिए . **वृषभ** राशि के लोगों के पुराने पारिवारिक मुद्दे फिर उभर सकते हैं जिससे मानसिक शांति प्रभावित होगी, हालांकि करियर योजनाएं स्थिर रहेंगी . **मिथुन** राशि के जातकों को अधूरी जानकारी के कारण निर्णय-भ्रम और भाई-बहनों या करीबी लोगों से विचारों का टकराव हो सकता है . **कर्क** राशि इस ग्रहण से सबसे अधिक प्रभावित मानी जा रही है, इसलिए शारीरिक थकान, मानसिक कमजोरी और भावनात्मक वित्तीय निर्णयों से बचना जरूरी है . **सिंह** राशि वालों में गहरा भावनात्मक परिवर्तन, मानसिक बेचैनी और साझेदारी में अहंकार टकराव संभव है .**कन्या** राशि के लोगों में दबी भावनाएं उभरने से मानसिक थकान और अवचेतन चिंता बढ़ सकती है, इसलिए मानसिक-शारीरिक डिटॉक्स लाभकारी रहेगा .**तुला** राशि को मित्रों और सामाजिक दायरे में भावनात्मक भ्रम मिल सकता है, लेकिन रचनात्मक और वित्तीय अवसर भी बनेंगे. **वृश्चिक** राशि के जातकों को करियर दबाव और वरिष्ठों से टकराव की स्थिति से सावधान रहना चाहिए. **धनु** राशि के लोगों में आस्था, विचारधारा या निर्णयों को लेकर भ्रम तथा यात्राओं में निराशा संभव है. **मकर** राशि वालों को गहरे भावनात्मक और वित्तीय चिंताओं या जिम्मेदारियों से तनाव हो सकता है. **कुंभ** राशि में वैवाहिक या साझेदारी जीवन में संवाद की कमी से गलतफहमी और व्यापारिक विवाद की आशंका है . **मीन** राशि की दिनचर्या प्रभावित हो सकती है और कर्ज, स्वास्थ्य या नौकरी संबंधी तनाव से मानसिक थकान महसूस हो सकती है.

**सूतक काल के नियम :** भारत में सूतक सुबह 6 .20 बजे शुरू होकर शाम 6 .47 बजे तक रहेगा . इस दौरान कोई भी शुभ कार्य या पूजा-पाठ करने से बचना चाहिए .

**तुलसी का प्रयोग :** पके हुए भोजन को शुद्ध रखने के लिए उसमें तुलसी के पत्ते डाल दें . ग्रहण के दौरान खाना पकाने या खाने से बचना चाहिए .


**फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालयः** तीसरी मंजिल, वालेस टावर 139-140/बी/1, सहार रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे क्रॉसिंग, विले पार्ले (पूर्व) मुंबई - 400 057. **दूरभाषः** 022- 6849 2450, **फैक्सः** 022- 6741 2313 **सीआईएनः** U67190MH2007PTC168303 **ईमेलः** info@phoenixarc.co.in, **वेबसाइटः** www.phoenixarc.co.in

**ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के साथ। इसके द्वारा आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं को सूचित किया जाता है कि मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (जिसे पहले एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड - समनुदेशक के रूप में जाना जाता था) द्वारा ऋण के समनुदेशन के अनुसरण में फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड को गिरवी रखी गई निम्नलिखित संपत्ति, बकाया राशि और आगे के ब्याज, शुल्क और लागत आदि की वसूली के लिए "जैसी है जहाँ है, जैसी है और बिना किसी सहारे के" के आधार पर "ऑनलाइन ई-नीलामी" के माध्यम से बेची जाएगी, जैसा कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 8 और 9 के साथ सरफेसी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार नीचे विस्तार से बताया गया है। 2002) को वेबसाइटः www.phoenixarc.co.in/ के माध्यम से नीचे दिए गए विवरण के अनुसार खरीदा जा सकता है।

**ई-नीलामी की तिथि और समयः 08-04-2026 / सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक (प्रत्येक 15 मिनट के लिए असीमित विस्तार के साथ)**

| सं. क्र. | उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/ ऋण खाता | मांग सूचना की तिथि और राशि | अचल संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य, अग्रिम राशि और अग्रिम राशि जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लैनः LXBHO00417-180056337 शाखाः भोपाल ऋणकर्ताः जसवंत नारायण सिंह सह-ऋणकर्ताः संजू बाई जसवंत सिंह | **25-10-2018 585107/- (पांच लाख पिच्यासी हजार एक सौ सात मात्र)** | क्रमांक/232/3, पीएच नं. -24, ग्राम-नंदरी, तह- जीरापुर, जिला राजगढ़ जीरापुर राजगढ़ म.प्र. 465693 | आरक्षित मूल्यः 175000/- (एक लाख पिचहत्तर हजार मात्र) ईएमडीः 17500/- (सत्रह हजारपांच सौ मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 07-04-2026 |
| 2 | लैनः LXJAB00317-180062210 शाखाः जबलपुर उधारकर्ताः धर्मेन्द्र देवेन्द्रकुमार पटेल सह-उधारकर्ताः प्रेमलता धर्मेन्द्र पटेल | **15-03-2019 रू. 829884/- (आठ लाख उनतीस हजार आठ सौ चौरासी मात्र)** | ख.नं. 540, नायब नं.148 पट. हाल नं. 13/100 प्लॉट नं.1, गांव चिरहकला, आर.आई. सर्कल साईं खेड़ा तह. गाडरवारा जिला. नरसिंहपुर 487551 मध्य प्रदेश | आरक्षित मूल्यः 55000/- (पचपन हजार मात्र) ईएमडीः 5500/- (पाँच हजार पाँच सौ मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 07-04-2026 |
| 3 | लैनः LXSAG00316-170032207 शाखाः सागर उधारकर्ताः माधव हर प्रसाद सोनी सह-उधारकर्ताः उमा रानी हर प्रसाद सोनी | **24-05-2019 रू. 350753/- (तीन लाख पचास हजार सात सौ तिरेपन मात्र)** | ख.नंबर 162/8, पीएच नं.-64, वार्ड नंबर48, बालाजी मंदिर के पास, धर्मश्री, अंबेटकर वार्ड, सागर, मध्य प्रदेश - 470002 | आरक्षित मूल्यः रु.200000/- (दो लाख) अग्रिम जमाः रु.20000/- (बीस हजार) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 26-10-2025 |
| 4 | लैनः LXSAG00316-170034613 शाखाः सागर उधारकर्ताः दीपिका नंदलाल छबलानी सह-उधारकर्ताः आकाश नंदलाल छबलानी | **23-12-2020 रू. 731158/- (सात लाख इकतीस हजार एक सौ अट्ठावन मात्र)** | ख.नं.-240/3, पीएच नं.-72, वार्ड क्रमांक - 15, मकरोनिया, सागर, मध्य प्रदेश - 470002 | आरक्षित मूल्यः 1000000/- (दस लाख मात्र) ईएमडीः 100000(एक लाख मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 07-04-2026 |
| 5 | लैनः LXSAG00316-170041721 शाखाः सागर उधारकर्ताः दीपेश लाखन ठाकुर सह-उधारकर्ताः रानी दीपेश ठाकुर | **24-03-2018 रू. 1616055/- (सोलह लाख सोलह हजार पचपन मात्र)** | प्लॉट भाग ख.नं.-45/95 पर पी.एच.नं.-51 मौजा-इटावा,श्री राम कॉलोनी, ग्रामपंचायत बरधोरा, बीना तहसील-बीना एवं जिला-सागर, बीजासेन मंदिर के पास, श्रीराम कॉलोनी, आगासोद रोड बीना 470002 सागर म.प्र. | आरक्षित मूल्यः 1200000/- (बारह लाख मात्र) ईएमडीः 120000/- रुपये (एक लाख बीस हजार मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 07-04-2026 |

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तेंः 1. नीलामी बोली दस्तावेज के आगे दिए गए नियमों एवं शर्तों और उसमें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आयोजित की जाएगी। बोली लगाने वाले बोली संबंधी जानकारी और सहायता, ई-नीलामी के लिए रखी गई सुरक्षित संपत्ति का विवरण और ऑनलाइन जमा किए जाने वाले बोली प्रपत्र के लिए हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता, मेसर्स एआरसीए ईमार्ट प्राइवेट लिमिटेड के वेब पोर्टलः https://www.auctionbazaar.com/ पर जा सकते हैं। इच्छुक खरीदार नीलामी के नियम और शर्तें तथा प्रक्रिया को इसी पोर्टल पर देख सकते हैं और तरुण रघुवंशी - 9329414448, पंकज पांडे - 9340143244, शैलेश अयंगर 9833801159 से संपर्क कर सकते हैं। इनके विवरण उपरोक्त वेब पोर्टल पर उपलब्ध हैं। और वे अपने केंद्रीय सहायता डेस्क से +91 83709 69696 पर संपर्क कर सकते हैं, जिसका ईमेल पता हैः contact@auctionbazaar.com I 2. सभी इच्छुक खरीदारों/बोलीदाताओं को उपरोक्त पोर्टल https://www.auctionbazaar.com/ पर अपना नाम पंजीकृत करना होगा और उल्लिखित तिथि और समय पर ई-नीलामी में भाग लेने के लिए निःशुल्क यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा। 3. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इच्छुक खरीदारों/बोलीदाताओं को सुरक्षित संपत्ति के आरक्षित मूल्य के 10% की वापसी योग्य बयाना राशि जमा (ईएमडी) के भुगतान का विवरण, पैन कार्ड की प्रतियां, कंपनी के मामले में बोर्ड संकल्प और पते के प्रमाण की प्रतियां, ऊपर उल्लिखित ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि से पहले जमा करनी होंगी। इच्छुक खरीदारों/बोलीदाताओं को ऊपर वर्णित प्रत्येक वस्तु/संपत्ति के लिए अलग-अलग ईएमडी जमा करनी होंगी। 4. नीलामी के किसी भी चरण में, अधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए और बिना किसी पूर्व सूचना के बोली/प्रस्ताव को स्वीकार/अस्वीकार/संशोधित/रद्द कर सकता है या नीलामी को स्थगित कर सकता है। 5. सफल क्रेता/बोलीदाता को लागू कानून के अनुसार, सुरक्षित संपत्ति को अपने पक्ष में हस्तांतरित/वितरित करवाने के लिए देय सभी वैधानिक शुल्क, कर, शुल्क, खरीद मूल्य पर लागू जीएसटी, स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क आदि का भुगतान करना होगा। 6. इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले नीलामी में रखी गई सुरक्षित संपत्ति पर भार, स्वामित्व और सुरक्षित संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/देय राशियों, जिनमें वैधानिक देय राशियाँ आदि शामिल हैं, के संबंध में स्वयं स्वतंत्र जांच करनी चाहिए। नीलामी विज्ञापन फीनिक्स की ओर से कोई प्रतिबद्धता या प्रतिनिधित्व नहीं है और न ही होगा। फीनिक्स का अधिकृत अधिकारी किसी भी तृतीय-पक्ष के दावों/अधिकारों/देय राशियों के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। 7. इच्छुक बोलीदाता को यह वचन देना होगा कि वह दिवालियापन और दिवालिया संहिता, 2016 की धारा 29(ए) के प्रावधानों के अनुसार अयोग्य नहीं है। यदि वह केवाईसी दस्तावेजों के साथ ऐसा वचन प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो वह स्वतः ही अयोग्य घोषित हो जाएगा या उसकी बोली अस्वीकार कर दी जाएगी।

**स्थानः मध्य प्रदेश**
**दिनांकः 02.03.2026**

**अनुवाद में त्रुटिया विसंगति होने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा**

**हस्ताक्षरकर्ता/-**
**प्राधिकृत अधिकारी, फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड**



BAJAJ FINANCE

**सोने के गहनों की नीलामी के लिए समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना**
**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालयः मुंबई - पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे - 411035**

BFL सभी ऋणियों और सर्वसाधारण को सूचित करता है कि गोल्ड लोन लेते समय ऋणी ने बतौर सेक्युरिटी अपने लोन खाते में सोने के गहने गिरवी रखे और बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद जो ऋणी लोन की राशि चुकाने या आवश्यक मार्जिन देने में विफल रहे उनके गहने 'जहां है जैसा है और जो है जैसा है' आधार पर नीलाम किए जाएंगे। निविदा करने वालों से अनुरोध है कि नीचे दी गई शर्तों का पालन करें:

(क) क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (लोन, गहनों का सकल वजन, स्थान और नीलामी की तिथि) की सम्पूर्ण जानकारी देखें।
(ख) सार्वजनिक नीलामी से संबंधित निविदा के सभी नियम और शर्तें ("टी एण्ड सी") वेबलिंक http://172.30.1.235:3000/?WOUB2QG9WU के माध्यम से पढ़ें;
(ग) नियम और शर्तें समझ लें और उसके बाद ही नीलामी की तिथि या उससे पहले बतौर अग्रिम जमा राशि रु.25,000 फंड ट्रांसफर (एनईएफटी/आरटीजीएस/बजाज गोल्ड ऑक्शन ऐप) कर दें;
(घ) नीलामी के स्थान पर सुबह 10 बजे तक व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज करें; तथा
(ङ) नीलामी के स्थान पर अपना पहचान और पते का वैध प्रमाण लेकर आएं।
(च) नीलामी की दिन में दोपहर 12 बजे के बाद नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
(छ) शाखा प्रबंधक/नीलामीकर्ता को बोली लगाने वालों की भागीदारी स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है, यदि वे निर्धारित समय सीमा में भाग नहीं लेते हैं, चाहे वे अग्रिम राशि जमा राशि (ईएमडी) का भुगतान कर चुके हो।

TQRCG
**स्कैन करें**

नीलामी के स्थान और तिथि में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो उसकी सूचना नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित की जाएगी। आपका निविदा करना उपरोक्त शर्तों पर सहमत होना माना जाएगा। यदि सार्वजनिक नीलामी से बिक्री निलंबित/निरस्त होती है तो बीएफएल ऋणी(ऋणियों) के कहने पर निजी तौर पर गहनों की बिक्री करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है। अतिरिक्त जानकारी के लिए हमसे इस ईमेल आईडी पर संपर्क करे - gold.auction@bajajfinserv.in

(10-04-26) **बेतूल - शर्मा कॉम्प्लेक्स**; PCA4GOL16348007, 16472834, 16624563. **भिंड - ग्वालियर रोड**; POZ5GOL16642314, 16721390, 16747946. **भोपाल - इमामी गेट**; PF46GOL16159788, 16374095, 16641416. **भोपाल - करोंद**; PJD2GOL16231021. (13-04-26) **भोपाल - मध्य प्रदेश नगर**; PCA5GOL9173459, L9872010, 10213247, 16742449. **ब्यावरा - ओल्ड ए. बी. रोड**; PMN3GOL16597980, 16748545. **बीना - इटावा स्टेशन रोड**; PCA6GOL16399894. **छिंदवाड़ा - परासिया रोड**; PEQ1GOL16187716, 16279657. **डाबरा - मेन रोड**; PKH4GOL16622335. (14-04-26) **दतिया - सीता सागर**; PMN5GOL16572134, 16651910. **देवास - एबी रोड**; PGG2GOL16285992, 16474098. **गाडरवारा - इंद्रा वार्ड**; PKA3GOL16658262. **गंज बासौदा - मेन रोड**; P02WGOL16170404, 16214189, 16428668, 16595292, 16658778. (15-04-26): **गुना - एबी रोड**; PEH2GOL16544743. **ग्वालियर - सिटी सेंटर**; PCA7GOL11515324, 14941253, 14996407, 16162310, 16211901, 16382914, 16442880, 16521576, 16520223, 16600172, 16648573, 16666212, 16698523, 16750629, 16738672. **ग्वालियर - गोले का मंदिर**; PJD1GOL16170697, 16451185. **ग्वालियर - मुरार**; PHF9GOL14057272, 15334131, 16594571, 16670610. (16-04-26) **ग्वालियर - नया बाज़ार**; PF25GOL15062449, 15350785, 16345134, 16572282, 16655420. **ग्वालियर - विनय नगर**; PEF2GOL15018424, 15048257, 16265234, 16704128. **हरदा - बाफना टॉवर**; PCA8GOL16426689. **होशंगाबाद - मीनाक्षी चौक**; PCA9GOL13924803. **इंदौर - अन्नपूर्णा रोड**; PER2GOL16320674. (17-04-26) **इंदौर - विजय नगर**; PGJ9GOL15517632, 16369580, 16538582, 16598664, 16670921. **इटारसी - सराफा बाज़ार**; P03WGOL16163558, 16204303, 16557788, 16621538, 16653826. **जबलपुर - राइट टाउन**; PG03GOL16244478, 16284173, 16305567, 16347343, 16698422. **मंदसौर - नयापुरा रोड**; PMI9GOL15273648. (18-04-26) **मुरैना - शिवनगर**; PJC8GOL12352529, 12507622, 13095974, 14095569, 14181167, 16597949. **रीवा - बीजीएल**; P4A7GOL15147523, 15252762, 16749057. **सबलगढ़**; P13PGOL5591433, L5744781. **सागर - भगवानगंज**; POZ1GOL16682001. (20-04-26) **सागर - परकोटा**; PLL1GOL14297626, 16721028. **शहडोल - बीजीएल**; PNT3GOL16323241, 16646763. **श्योपुर - शिवपुरी रोड**; PLC3GOL15251954, 16392619, 16450121. **शिवपुरी - एबी रोड**; PEH3GOL14246320, 16307536, 16455995, 16526073. **उज्जैन - फ्रीगंज**; PCP4GOL16698821.

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**